# कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला–बिलासपुर(छ.ग.)

पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सामने बिलासपुर (छ.ग), फोन.नं. 07752 223530 ईमेलः jdvsbila.cg@nic.in

क्रमांक...616.........../स्थापना/ 2026–27 बिलासपुर, दिनांक 19/6/26

**सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर**

**जिला खनिज संस्थान न्यास, मद अंतगर्त संविदा नियुक्ति (अस्थायी) हेतु विज्ञापन**

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें जिला बिलासपुर अंतर्गत पशु चिकित्सा संस्थाओं व स्थापित गौठानों में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रिक्त पदों पर स्थानीय व्यवस्था के अंतर्गत एक वर्ष या छत्तीसगढ शासन पशुधन विकास विभाग की अनुमति से संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें छ.ग. द्वारा स्थाई नियुक्ति किये जाने तक (जो भी पहले हो) कलेक्टर जिला बिलासपुर, (छ.ग.) द्वारा अनुमोदित जिला न्यास मद अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को एकमुश्त निश्चित मानदेय रू. 23,350– (तेईस हजार तीन सौ पचास रूपये) पर संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वेटेरिनरी पालीटेक्निक (डिप्लोमा इन एनीमल हसबेण्डरी) उत्तीर्ण छत्तीसगढ राज्य के निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें जिला बिलासपुर से कार्यालयीन समयावधि प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक,'' **संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**'' के नाम पर देय रू 10/– (रूपये 10 मात्र) का पोस्टल आर्डर लगाकर दिनांक **08 जुलाई 2026** तक विज्ञापित पद के विरूद्ध चयन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है या विभागीय वेबसाइट **www.agriportal.cg.nic.in/ahd/** अथवा राष्ट्रीय सूचना केन्द्र बिलासपुर के वेबसाइट राष्ट्रीय सूचना केन्द्र बिलासपुर के वेबसाइट **www.bilaspur.gov.in** से भी डाउनलोड कर सकते है। जिसके लिए पृथक से रू 10/– (रूपये 10 मात्र) का पोस्टल आर्डर संलग्न करना होगा। निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर वांछित शैक्षणिक व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ दिनॉक **08 जुलाई 2026** तक पंजीकृत डाक से या स्वयं उपस्थित होकर **कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें जिला बिलासपुर (छ.ग.)** में साय 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदो का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है–

| पदनाम | प्रावधानित मद | एकमुश्त मानदेय राशि | रिक्त पद संख्या | वर्गवार रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | अनारक्षित | अपिव | अजजा | अजा | योग |
| सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | डीएमएफ | रू 23350– (तेईस हजार तीन सौ पचास रूपये) कलेक्टर द्वारा निर्धारित एकमुश्त | 24 | महिला | 4 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| | | | | दिव्याग | 1 | – | – | – | 1 |
| | | | | मुक्त | 7 | 2 | 3 | 4 | 16 |
| | | | | कुल | 12 | 3 | 4 | 5 | 24 |

टीपः– उक्त पद के लिए केवल अस्थिबाधित व श्रवणबाधित दिव्यांगता ही स्वीकार होगी। दिव्यांगता 40% से अधिक होने पर ही दिव्यागंता मान्य है।

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेंवायें
जिला बिलासपुर (छ0ग0)

**<u>सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संविदा (अस्थायी) के पद हेतु अर्हकारी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है :-</u>**

1. किसा मान्यता प्राप्त मण्डल/ संस्था से जीव विज्ञान विषय के साथ (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।
   अथवा
   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा जीव विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से जीव विज्ञान विषय के साथ स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
2. किसी मान्यता प्राप्त भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय या संस्था से पशुपालन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण की हो साथ ही एनिमल हस्बैडरी में कम से 50% प्रतिशत अंको से डिप्लोमा पाठयक्रम उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**<u>भर्ती की प्रकिया :-</u>**

1. स्वीकृत पदों के लिए निर्धारित योग्यता व मापदण्डों के आधार पर राज्य स्तर पर विज्ञापन जारी कर एनीमल हस्बैण्डरी में डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों से वर्गवार आवेदन प्राप्त किया जावेगें।
2. प्राप्त आवेदनों की छटनी के बाद निर्धारित योग्यता व मापदण्डों के आधार पर योग्य पाये गये अभ्यर्थियों के चयन हेतु डिप्लोमा इन एनीमल हसबैण्डरी के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर वर्गवार वरीयता सूची तैयार की जावेगी।
3. यदि स्वीकृत पदों के विरुद्ध/निर्धारित पदों के विरुद्ध दो गुना से ज्यादा आवेदन प्राप्त होते हैं तो कट आफ मार्क निर्धारित कर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. डिप्लोमा इन एनीमल हसबैण्डरी के प्राप्तांकों के प्रतिशत के प्रतिशत का 80 प्रतिशत अंक, व अनुभव का 20 प्रतिशत अंक निर्धारित होगा। अनुभव के लिए निर्धारित अतिकतम 20 अंक हेतु प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक अधिकतम पांच वर्ष के लिए होगा। एक वर्ष की गणना छः माह से अधिक होने पर माना जावेगा। अनुभव प्रमाण-पत्र जिले के नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।
5. डिप्लोमा इन एनीमल हसबैण्डरी के प्राप्तांकों के प्रतिशत के प्रतिशत का प्राप्त अंक, व अनुभव में प्राप्त अंको को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जावेगा।
6. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु जिला खनिज न्यास संस्थान बिलासपुर के मद से राशि स्वीकृत की गयी है। अतः बिलासपुर जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। ताकि बिलासपुर जिले के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के अभ्यर्थियों को लाभ मिल सके। बिलासपुर जिले से यदि उस वर्ग के पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलते है तो बिलासपुर संभाग के अन्य जिलों से अभ्यर्थीयों का चयन किया जावेगा।
7. कुल विज्ञापित पदों की एक चौथाई के बराबर प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।
8. वर्गवार तैयार सूची के वरिष्ठवता अनुक्रम में निर्धारित पदों पर चयन किया जावेगा। तदानुसार संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए जायेगा। निर्धारित समय पर कर्तव्य पर उपस्थित न होने पर प्रतीक्षा सूची से अगले अनुक्रम वाले चयनित अभ्यर्थी को अवसर दिया जावेगा।
9. विवाद की स्थिति में चयन हेतु अंतिम निर्णय कलेक्टर जिला बिलासपुर (छ.ग.) का होगा जो सभी पक्षों को मान्य होगा।

## सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवश्यक सेवा शर्ते :–

1. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद के चयन हेतु निर्धारित योग्यता व मापदण्डों को पूर्ण करना आवश्यक होगा।
2. किसी मान्यता प्राप्त भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा पालीटेक्निक संस्थान से विज्ञापित तिथि से पूर्व को एनीमल हस्बैण्डरी में कम से कम पचास प्रतिशत अंको से डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा ।
3. आवेदक को संविदा नियोक्ता की सभी सेवा शर्तों को मानना अनिवार्य होगा।
4. यह संविदा नियुक्ति जिला खनिज न्यास संस्थान मद से की जा रही है। अतः स्थानीय व्यवस्था के अंतर्गत एक वर्ष हेतु या जिले के अंतर्गत रिक्त पदों पर छ0ग0 शासन पशुधन विभाग की अनुमति से संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़, द्वारा स्थाई नियुक्ति किए जाने तक ही (जो भी पहले हो) संविदा नियुक्ति मान्य होगी। संविदा नियुक्ति तिथि से एक वर्ष उपरान्त या छ0ग0 शासन पशुधन विभाग की अनुमति से संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा स्थाई नियुक्ति किए जाने पर संविदा पर नियुक्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की सेवाएं स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। कोई भी उम्मीदवार निरन्तरता हेतु दावा नहीं कर सकेगा।
5. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह मानदेय का भुगतान एकमुश्त किया जावेगा। जो कार्य आधारित होगा। इस दौरान किसी भी प्रकार के सेवा भत्ते या अन्य सुविधाएं देय नहीं होगी।
6. सेवा के दौरान एकमुश्त देय मानदेय से जीपीएफ/सीपीएफ की कटौती नहीं की जावेगी।
7. जिला खनिज न्यास संस्थान मद से राशि की व्यवस्था कलेक्टर बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा की जा रही है। एक वर्ष पश्चात यदि रिक्त पदों की निरन्तरता रहती है और जिला खनिज न्यास संस्थान मद से राशि उपलब्ध कराई जाती है तो कलेक्टर बिलासपुर की अनुमति व अनुमोदन प्राप्त कर पदों की भर्ती /निरन्तरता की जा सकेगी।
8. आवेदक द्वारा आवेदन करने मात्र से चयन सुनिश्चित नहीं होगा अपितु चयन समिति द्वारा आवेदक के द्वारा पूर्ण किए गए शर्तों के साथ–साथ आवेदन पत्र के साथ सम्मिलित आवश्यक शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त लिए गए निर्णय के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जावेगा। चयनित उम्मीदवार को पदग्रहण के समय सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूल प्रति जांच हेतु प्रस्तुत करनी होगी। प्रमाण पत्र व अन्य वांछित दस्तावेज सही पाए जाने के पश्चात ही पदग्रहण कराया जावेगा।
9. आवेदक की आयु दिनांक 01–01–2026 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को छ.ग. शासन द्वारा लागू आरक्षण नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जावेगी।
10. भर्ती प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियम व शर्तों में किसी प्रकार के परिवर्तन किए जाने पर आवेदकों को मानना अनिवार्य होगा।
11. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या में वृद्धि/कमी या निरस्त किए जाने का सम्पूर्ण अधिकार कलेक्टर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास सुरक्षित होगा।
12. भर्ती के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद या समस्या होने पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर बिलासपुर (छ.ग.) के पास होगा जो आवेदकों के लिए बंधनकारी होगा।
13. आवेदनकर्ताओं को निर्धारित आवेदन पत्र में साफ सुथरे शब्दों में आवेदन करना होगा। आवेदन प्रपत्र को पहले ठीक से पढ़ लें व समझने के उपरांत जानकारी भरें। भरी जाने वाली समस्त जानकारियां स्पष्ट व पठनीय हों। किसी भी प्रकार की काट–छांट अवांछनीय है। इससे आवेदकों का आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है।
14. आवेदक आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा करें व एक अतिरिक्त फोटो अलग से संलग्न करें। फोटो व अन्य दस्तावेजों की छायाप्रतियां स्व प्रमाणित कर संलग्न करें।
15. शासकीय/अर्धशासकीय/निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

16. आवेदक को रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जीवित पंजीयन नहीं होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।
17. आवेदक को वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त उच्च शैक्षणिक योग्यता हेतु अतिरिक्त बोनस अंक नहीं प्रदाय किए जाएगे।
18. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रारूप में गैर न्यायिक 50 रू के स्टाम्प में एक वर्ष की सेवा हेतु नोटराइड शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
19. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ पत्र व्यवहार के लिए स्वयं के पते लिखे दो लिफाफे जिसमें पांच रुपए के टिकिट लगे हों चस्पा करना होगा ताकि उनका चयन होने पर उनके पते पर चयन संबंधी सूचना दी जा सके।
20. चयन संबंधी सूचना दिए जाने हेतु मोबाइल व्हाट्स एप नम्बर/ई-मेल की भी जानकारी देना अनिवार्य है।
21. भर्ती की समस्त जानकारी जिला बिलासपुर की एन आई सी वेबसाइट **www.bilaspur.gov.in** पर अपलोड की जावेगी। इसके अतिरिक्त जिला कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया जावेगा।
22. चयनोपरांत आवेदक को एक सप्ताह के भीतर कर्तव्य पर उपस्थित होना होगा।
23. नियुक्ति के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने के समय प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी का अपने गृह जिले के मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा परीक्षण में अनुपयुक्त पाए गए चयनित अभ्यर्थी को उपस्थित नहीं कराया जाएगा।
24. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् भी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर, संचालक द्वारा स्थाई नियुक्ति होने पर नोटिस देकर मानदेय पर अस्थाई नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
25. यदि कोई चयनित अभ्यर्थी सेवा में उपस्थित होने के पश्चात सेवा से त्याग पत्र देना चाहता हो तो उसे एक माह पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।
26. एक माह से अधिक अवधि तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए जाने पर सेवाएं स्वयमेव समाप्त मानी जाएंगी।
27. नियुक्ति अवधि में किसी भी प्रकार की धरना प्रदर्शन हड़ताल की अनुमति नहीं होगी। धरना प्रदर्शन /हड़ताल करने पर सेवा समाप्त करने का अधिकार कलेक्टर बिलासपुर को होगा। अवज्ञा करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया जाएगा।
28. आवेदन की तिथि के पश्चात चयन समिति द्वारा परीक्षण कर अनंतिम रूप से चयन सूची तैयार की जावेगी। जिसमें पात्र /अपात्र की सूची जारी होने पर एक सप्ताह के भीतर दावा-आपत्ति की जा सकेगी। जिसमें दावा-आपत्ति के अंतिम दिन तक दस्तावेज जमा किए जा सकेंगे।
29. अंतिम चयन सूची जारी करने के साथ विज्ञापित पद के तीन गुना पद के लिए प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाएगी। जिसके आधार पर निर्धारित समयावधि में कार्यभार पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थियों/त्यागपत्र देने वालो के स्थान पर प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रम से भरा जा सकेगा।
30. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज निर्धारित क्रम से संलग्न किए जावें व ऊपरी दाए किनारे पर क्रम संख्या अंकित कर टैग से नस्तीबद्ध किये जावें। (1. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूपेण भरा आवेदन पत्र 2. हाई स्कूल की अंक सूची सह प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो की स्व-प्रमाणित छायाप्रति, 3. हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची सह प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति 4. पशुपालन में डिप्लोमा पाठ्यकम उत्तीर्ण की अंकसूची प्रत्येक सेमेस्टर का प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति 5. अजा/ अजजा/अपिव संवर्ग का जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की स्व-प्रमाणित छायाप्रति 6. निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति 7. मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति 8. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र स्व-प्रमाणित छायाप्रति 9.एक वर्ष की सेवा हेतु संलग्न प्रारूप में गैर न्यायिक ₹ 50/- के स्टाम्प में नोटराइज्ड शपथ पत्र, क्रम से नस्तीबद्ध किए जाएं) 10. नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति।

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप

| स्वयं द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो |
|---|

प्रति,

संयुक्त संचालक,
पशु चिकित्सा सेवायें
जिला– बिलासपुर (छ.ग.)

आपका विज्ञापन दिनांक ............/........../............ में विज्ञापित पद (पद का नाम लिखें) ..............................
के लिए मैं अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..............................
   आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..............................
   :– ..............................
2. पिता/पति का नाम :– ..............................
3. माता का नाम :– ..............................
4. जन्मतिथि अ. (अंको में) :– ..............................
   ब. (शब्दों में) :– ..............................
   स. (आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में) :– वर्ष............माह ..............दिन............
5. जाति संवर्ग (सामान्य/अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.वर्ग) :– ..............................
   (आरक्षित वर्ग का होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
   :– ..............................
6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :– ..............................
7. अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी है या नहीं? :– ..............................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ..............................
   :– ..............................
8. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के हैं? (हां/नहीं) :– ..............................
9. यदि हां तो दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :– ..............................
   (जिला मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ..............................
   :– ..............................
10. स्थाई निवास का पूर्ण पता :– ..............................
   :– ..............................
   :– ..............................
   :– ..............................
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :– ..............................
   :– ..............................
   :– ..............................
   :– ..............................
   :– मोबाईल नम्बर ..............................
   :– ईमेल आईडी ..............................

12. शैक्षणिक योग्यता –

| क्रं | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल सर्टीफिकेट | | | | | |
| 2 | हायर सेकेण्ड्री स्कूल सर्टीफिकेट | | | | | |
| 3 | डिप्लोमा इन एनीमल हसबेण्डरी | | | | | |

13. कार्य अनुभव का विवरण–

| क्रं | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय / सार्वजनिक वित्तीय सहापता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि ( अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

14. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या–
   1. 10वीं व 12वीं की अंक सूची
   2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर। वर्षो की)
   3. स्थाई जाति प्रमाण पत्र
   4. स्थाई निवास प्रमाण पत्र
   5. अनुभव प्रमाण पत्र
   6. दिव्यांगता संबंधी मेडिकल प्रमाण पत्र (यदि दिव्यांग हैं तो)
   7. निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (पचास रुपए के नान ज्युडीसिपल स्टाम्प शीट में नोटराइज्ड)
   8. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
   9. अन्य प्रमाण पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

–::घोषणा पत्र::–

मैं एतद द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण हैं। जो किसी भी स्थिति में यदि असत्य पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावे तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त कर दिए जायें। मुझे स्वीकार होगा तथा मैं न्यायालय नहीं जाऊंगा।

स्थान – विलासपुर

दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर

(रु 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

शपथ–पत्र नोटराईज्ड

मैं (शपथकर्ता ............................................................पिता का नाम/पति का नाम श्री.......................... .................. उम्र ...........वर्ष............. निवासी ग्राम.............................. जिला......................................................(छ ग) एतद द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता हूं कि –

1. मैनें जिला बिलासपुर के लिए विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति की शर्तों को भलीभांति पढ़ लिया है तथा समझ लिया है।
2. उक्त विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जिसमें मेरी सेवाएं निर्धारित सेवा शर्तों के तहत निर्धारित समय सीमा के लिए हैं तथा एक वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्वयमेव समाप्त हो जायेंगी. जो मुझे मान्य है। में इन्ही सेवा शर्तो के अधीन संविदा नियुक्ति में एकमुश्त मानदेय रु 23350/– (रूपये तेइस हजार तीन सौ पचास मात्र) प्रतिमाह पर कार्य करने को तैयार हूं।
3. यदि छ.ग. शासन द्वारा संविदा नियुक्ति अवधि में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की स्थाई नियुक्ति किए जाने पर मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं तो मैं कोई दावा आपत्ति नहीं करूंगा न ही न्यायालय जाने का हकदार रहूंगा।
4. चयन व सेवा अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र (अंक सूची, स्थायी जाति, निवास आदि) झूठी या फर्जी पायी जाती है या प्रमाण पत्र के पुष्टि झूठी फर्जी साबित होती है तो मेरी सेवा समाप्त कर दी जाए मुझे मान्य होगा अथवा मेरा दावा स्व–मेव निरस्त माना जावेगा और नियोक्ता किसी भी कार्यवाही के लिए स्वतन्त्र होगा।
5. मेरी संविदा नियुक्ति के पश्चात नियुक्त अवधि में मैं किसी भी धरना/हड़ताल/प्रदर्शन में भाग नहीं लूंगा। यदि मैं ऐसा करता पाया जाता हूं तो नियोक्ता अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वतन्त्र होंगे व मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर देने की कार्यवाही के लिए सक्षम रहेंगे।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## सत्यापन

मैं (शपथकर्ता )..............................................पिता का नाम /पति का नाम श्री .................... .उम्र.........वर्ष........ निवासी ग्राम – ................................ –जिला ......................... (छ ग) उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक लिखी गई सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य हैं। आज दिनांक................... को स्थान ......... में पढकर व देखकर पूर्णरूपेण संतुष्ट होकर हस्ताक्षर किया।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

दिनांक

गवाह :–

1–

2–